दिनांक 21.05.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के सुगॉव पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य के लिए प्राप्त वित्तीय बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थितिः-

(i)	**श्री मनोज कुमार सिंह,** मुख्य अभियंता (दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, पटना।	-	**अध्यक्ष**
(ii)	**श्री अभय कुमार सिंह,** अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया जी।	-	**सदस्य**
(iii)	**श्री कुमार उत्कर्ष** कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद।	-	**सदस्य**

1	कार्य का नाम	-	जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के सुगॉव पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	-	₹250.23129 लाख (अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग का ज्ञापांक-53 दिनांक-25.10.2024)
3	मॉडल तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित)	-	₹2,54,64,972/-(मु0अभि0(द0) का पत्रांक-1070(द0)अनु0 दिनांक-07.06.2024)
4	निविदा की राशि	-	₹ 2,51,96,973/-
5	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	-	पी0आर0संख्या-026429(भ0)2025-26 प्रभात खबर समचार पत्र में दिनांक-17.03.2026 में प्रकाशित।
6	निविदा आमंत्रण की तिथि	-	13.03.2026
7	प्री-बीड की बैठक की तिथि	-	02.04.2026 / 06.04.2026
8	निविदा की तिथि	-	21.04.2026
9	निविदा खोलने की तिथि	-	22.04.2026
10	<u>निविदादाता का नाम एवं पता</u>	-	

(1) श्रवण टेकबिल्ड प्रा0 लि0, भेनवार, सिकरिया, जहानाबाद (Reg. No.- 1230352, Class-I , RWD)।

(2) मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, बुद्धा कॉलनी, डेल्हा, गया जी (Reg. No.- 1250201, Class-I , RWD)।

(3) वि0आई0पी0 इन्टरप्राईजेज, कामा रोड, औरंगाबाद (Reg. No.- 1240309, Class-I , RWD)।

(4) शिव विजय इंजिनियर्स प्रा0 लि0, अथमलगोला, दक्षिणी चक, पटना (Reg. No.-1240021, Class-I , BCD)।

11 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में Eproc 2 पर परिमाण-विपत्र अपलोड रहने की न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटि पूर्ण मानते हुए पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

दिनांक 15.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य के निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं प्रत्येक निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

चतुर्थ बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-

दिनांक 12.05.2026 को विभागीय निविदा समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए दो निविदाकार को सफल किया गया था। तकनीकी बीड के निर्णय पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर दिनांक-18.05.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक रखा गया। निर्धारित समय अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद नही प्राप्त होने पर तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापित होने के उपरांत सही पाया गया है, तद्रोपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत् हैः-

क्र0 सं0	संवेदक का नाम	निविदा की राशि	उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से)	उद्धृत राशि
1	मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, बुद्धा कॉलनी, डेल्हा, गया (Reg. No.- 1250201, Class-I , RWD)।	₹2,51,96,973/-	0.09 % कम	₹ 2,51,74,296/-
1	शिव विजय इंजिनियर्स प्रा0 लि0, अथमलगोला, दक्षिणी चक, पटना (Reg. No.-1240021, Class-I , BCD)।		12.95 % कम	₹ 2,19,33,965/-

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार शिव विजय इंजिनियर्स प्रा0 लि0, अथमलगोला, दक्षिणी चक, पटना (Reg. No.-1240021, Class-I , BCD) है।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार "शिव विजय इंजिनियर्स प्रा0 लि0, अथमलगोला, दक्षिणी चक, पटना (Reg. No.-1240021, Class-I , BCD)" को परिमाण-विपत्र की दर से 12.95 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹2,19,33,965/- (दो करोड़ उन्नीस लाख तेतीस हजार नौ सौ पैसठ रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया एवं मुख्य अभियंता (द0) स्वीकृत्यादेश निर्गत करेंगे, साथ ही इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
(कुमार उत्कर्ष)
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, जहानाबाद।

ह0/-
(अभय कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

ह0/-
(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (द0),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-34/2025 1363 5, पटना/दिनांक 21/5/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/05/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/PSB.T.F. P/2026/docx 12